# भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
## AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Azadi Ka Amrit Mahotsav

सं.- भाविप्रा/जोध०/वि.नि./प्रचालन/निविदा/कार्यादेश/2021/ 3091-95 दिनांक : 28/02/2022

**कार्यादेश**

सेवा में,

**माँ नागनेची सिक्युरिटी सर्विस,**
प्लॉट सं. 437-ए, न्यू बी.जे.एस. कॉलोनी,
जोधपुर, राजस्थान–342307
(M) 9099925151
Email – maanagnechi2013@gmail.com

**Maa Nagnechi Security Service,**
Plot No. 437-A, New B.J.S. Colony,
Jodhpur, Rajasthan – 342307
(M) 9099925151
Email – maanagnechi2013@gmail.com

**विषय: Job Contract for Management of Baggage Trolley at Civil Enclave, Jodhpur Airport.**

**संदर्भ –** (अ) ई-निविदा संख्या – **2021_AAI_95214_1**

**महोदय,**

जोधपुर हवाई अड्डे पर प्रचालन अनुभाग की उपरोक्त संदर्भित निविदा के संबंध मे आपके द्वारा प्रस्तुत निविदा प्रस्ताव को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत कर लिया गया है। इस कार्य हेतु आपके द्वारा कोटेड राशि रु. 6,72,000.00 /- मात्र (रुपये छः लाख बहत्तर हजार मात्र) स्वीकार की जाती है, जिसमें कि निविदा के सामान्य नियम एवं शर्तों के अनुसार जी.एस.टी., ई.पी.एफ., ई.एस.आई., ई.डी.एल.आई., एडमिन चार्ज एवं बोनस शामिल नहीं है और आपका निविदा ऑफर बिना जी.एस.टी., ई.पी.एफ., ई.एस.आई., ई.डी.एल.आई., एडमिन चार्ज एवं बोनस के उचित लागत रु. 9,25,646/- (रुपये नौ लाख पच्चीस हजार छः सौ छियालीस मात्र) से 27.04% कम है। जी.एस.टी., ई.पी.एफ., ई.एस.आई., ई.डी.एल.आई., एडमिन चार्ज एवं बोनस का भुगतान वास्तविक राशि के हिसाब से अतिरिक्त भुगतान के तौर पर किया जाएगा।

1) **मूल्य अनुसूची -** अनुलग्नक-अ के अनुसार होगी।

2) **कार्य शुरू करने की तारीख** – इस पत्र की प्राप्ति के दस (10) दिन के अंदर

3) इस पत्र की प्राप्ति के 10 दिनों के अंदर उपरोक्त वर्णित राशि रु. 6,72,000.00 /- मात्र (रुपये छः लाख बहत्तर हजार मात्र) का 3% सुरक्षा धनराशि रु 20,160/- (रुपये बीस हजार एक सौ साठ मात्र) के रूप मे DD/NEFT/Bank Guarantee द्वारा जमा कराएं अन्यथा ठेके के करारनामे में शर्त के अनुसार इतनी ही राशि आपके रनिंग बिलों से काट ली जायेगी। डिमांड ड्राफ्ट "Airports Authority Of India" के पक्ष में payable at Jodhpur होना चाहिए। Bank Guarantee का Cover Message निविदा दस्तावेज़ के Annexure-I के अनुसार होना चाहिए जिससे समय पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, जोधपुर द्वारा सत्यापन का कार्य हो सके।

4) विमानपत्तन निदेशक, सिविल एन्क्लेव, जोधपुर इस कार्य हेतु प्रभारी अधिकारी होंगे। अनुबंध समझौते (निविदा दस्तावेज़ के Annexure-J के अनुसार) को पूरा करने व उस पर हस्ताक्षर करने के लिए इस पत्र के जारी होने के 10 दिवस की अवधि में विमानपत्तन निदेशक, सिविल एन्क्लेव, जोधपुर-342011 के कार्यालय में उपस्थित होवें। अनुबंध समझौता रु. 500/- (पाँच सौ रुपए मात्र) के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर निष्पादित किया जाएगा और स्टाम्प पेपर का खर्च आपके द्वारा वहन किया जाएगा।

5) कार्य की अवधि एक (01) वर्ष है अर्थात् 365 दिन (सभी कैलेंडर दिनों के लिए) जिसे संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर केवल सक्षम प्राधिकारी द्वारा समान नियम और शर्तों के साथ छह (06) माह के लिए बढ़ाया जा सकता है। जोधपुर हवाई अड्डे पर जनशक्ति की

**पृष्ठ-2 पर जारी**



28/02/22

नियुक्ति विशुद्ध रूप से अस्थायी आधार पर है हालांकि, सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुबंध की अवधि के दौरान किसी भी समय बिना कोई कारण बताए तीस (30) दिनों का नोटिस देकर अनुबंध को बंद किया जा सकता है।

6) इस अनुबंध के संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार विमानपत्तन निदेशक, सिविल एन्क्लेव, जोधपुर के नाम पर करना होगा।

7) इस कार्य हेतु कार्य निष्पादन अधिकारी कनिष्ठ कार्यपालक (प्रचालन) होंगे जो निविदा दस्तावेज के अनुसार अनुबंध के सुचारू कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार होंगे। कार्य को निविदा दस्तावेज़ मे दर्शायी गयी तकनीकी आवश्यकताओं और निर्दिष्ट मानकों के अनुसार निष्पादित किया जाना है।

8) आप से अनुरोध है कि आप संविदा श्रम (विनियम व उन्मूलन) अधिनियम 1970 तथा संविदा श्रम (विनियम व उन्मूलन) केन्द्रीय नियम 1971, बाल श्रम (प्रतिबंधन व उन्मूलन) अधिनियम 1986, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948, ई.पी.एफ. अधिनियम 1952 व कर्मचारी बीमा अधिनियम 1948 के प्रावधानों और केन्द्रीय व राज्य सरकारों के तद्संबंधी नियमों का अनुपालन करें।

9) मजदूरी का भुगतान नियोजित जनशक्ति/श्रमिक के खाता संख्या में हर महीने की 7 तारीख तक RTGS/NEFT/चेक के माध्यम से किया जाना चाहिए। सभी भुगतान (अर्थात मजदूरी, बोनस आदि) तैनात श्रमिकों को केवल RTGS/NEFT/चेक द्वारा किया जाना है।

10) मुख्य श्रम आयुक्त (Central) द्वारा जारी श्रम शक्ति दरों मे परिवर्तन/परिवर्धन होने पर तदनुसार देय होगा।

11) विमानपत्तन निदेशक, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, जोधपुर इस कार्य आदेश के लिए भुगतान के प्राधिकारी होंगे।

12) बिल का भुगतान संबंधित अधिकारी के सत्यापन के बाद ही किया जायेगा। भुगतान भा.वि.प्रा. के जोधपुर स्थित कार्यालय द्वारा सीधे माँ नागनेची सिक्युरिटी सर्विस के खाते में किया जायेगा जिसमें 40-45 दिन लगने की सम्भावना होगी।

13) **भुगतान हेतु बिल निम्न दस्तावेजों के साथ प्रेषित करें-**

(क) Tax Invoices in triplicate (GST No. of AAI Jodhpur – 08AAACA6412D1Z8)

(ख) बैंक द्वारा प्रमाणित भुगतान के खाते का विवरण जिसमें खाताधारक का नाम, खाता संख्या, बैंक और शाखा का नाम तथा IFSC Code की पूर्ण जानकारी हो।

(ग) उपस्थिती रजिस्टर, Wage Muster Copy & Proof of Payment before 7$^{Th}$ of each month by A/C Payee Cheque/NEFT/RTGS.

(घ) ई.पी.एफ., ई.एस.आई. एवं बोनस इत्यादि के भुगतान संबन्धित दस्तावेज़।

14) एजेंसी को विमानन उद्योग के संबंध में प्रचलित नियमों और विनियमों का पालन करना आवश्यक है और उसे नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) से आवश्यक मंजूरी प्राप्त करना अनिवार्य है। भाविप्रा के नियमानुसार टर्मिनल बिल्डिंग कार्य हेतु BCAS द्वारा समय-समय पर जारी गाइडलाइन के अनुसार एयरपोर्ट एंट्री पास प्राप्त करने की पूर्ण ज़िम्मेदारी फ़र्म की होगी व इसका संपूर्ण वहन एजेंसी द्वारा किया जायेगा और इस संबंध मे मुख्य सुरक्षा अधिकारी, भाविप्रा जोधपुर से पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

15) आपसे अनुरोध है कि आप COVID-19 महामारी के रोकथाम के लिए भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों, राज्य/केंन्द्र शासित प्रदेश सरकारों और राज्य/संघ शासित क्षेत्र प्राधिकरणों द्वारा किए जाने वाले उपायों पर दिशानिर्देशों का अनुपालन करें।

16) यह कार्यदेश अनुबंध का एक हिस्सा होगा तथा निविदा दस्तावेज और शुद्धि-पत्र (यदि कोई हों) में उल्लिखित सभी नियम और शर्तें लागू होंगी।

17) इस कार्यादेश की एक प्रति के प्रत्येक पृष्ठ पर विधिवत हस्ताक्षर करके स्वीकृति के रूप में इस कार्यालय को दो (02) दिन के अंदर प्रेषित करें।

संलग्नक – **यथोपरि।**

28/02/22

(अवधेश अग्रवाल)
विमानपत्तन निदेशक
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण,
सिविल एन्क्लेव, जोधपुर।

**पृष्ठ-3 पर जारी**

**प्रतिलिपि सूचनार्थ:-**

1. क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक- उत्तरी क्षेत्र, भाविप्रा., ऑपरेशनल ऑफिस, गुरूग्राम रोड़, नई दिल्ली-110037

**आन्तरिक वितरण:-**

1. मुख्य सुरक्षा अधिकारी, सिविल एन्क्लेव, जोधपुर
2. प्रबन्धक (वित्त), सिविल एन्क्लेव, जोधपुर
3. टर्मिनल मैनेजर, सिविल एन्क्लेव, जोधपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by ANIL CHOUDHARY
Date: 2022.03.03 17:11:43 IST
Location: eProcurement System for Central PSUs